कार्यालय उपजिलाधिकारी,
दुद्धी–सोनभद्र, उ0प्र0

पत्रांक : 1036/कनहर/वनभूमि/ दिनांक 04/09/2023

**विषय:** कनहर सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत 127.1637 है0 वन भूमि के बदले 160.7608 है0 गैर वन भूमि के हस्तान्तरण के सम्बन्ध में।

प्रभागीय वनाधिकारी, वन प्रभाग रेनुकूट, सोनभद्र।

महोदय,

उपरोक्त विषय के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि कनहर सिंचाई परियोजना के अन्तर्गत 127.1637 है0 वन भूमि के बदले सिंचाई विभाग की ग्राम भीसुर (69.811 है0), ग्राम कोरची (62.8016 है0) एवं ग्राम कुदरी (28.1482 है0) इस प्रकार कुल 160.7608 है0 गैर वन भूमि के हस्तान्तरण की कार्यवाही प्रगति में है, जिसमें से ग्राम कोरची एवं कुदरी का खारिज दाखिल की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है परन्तु ग्राम भीसुर (69.811 है0) की भी 531 गाटों के सिंचाई विभाग का नाम खारिज कर प्रभागीय वनाधिकरी, वन प्रभाग रेनुकूट के नाम दर्ज किया गया है। परन्तु कुछ तकनीकी रूकावटों के कारण उद्धरण खतौनी के कालम नं0 16 में क्षेत्रफल प्रदर्शित नही हो रहा है। किन्तु ग्राम भीसुर के सभी गाटों का खारिज दाखिल कर दिया गया है। पोर्टल पर प्रदर्शित होने में अभी कुछ और समय लगने की सम्भावना है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सिंचाई विभाग द्वारा आपको ग्राम भीसुर की हस्तान्तरित की जाने वाली भूमि/गाटों का खारिज दाखिल किया जा चुका है। राजकीय हित में नियमानुसार कार्यवाही करने का कष्ट करें।

उपजिलाधिकारी
सोनभद्र, उ0प्र0

पत्रांक : /कनहर/वन भूमि/तदिनांक

प्रतिलिपि अधिशासी अभियंता, कनहर निर्माण खण्ड–3, पिपरी सोनभद्र, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उपजिलाधिकारी
सोनभद्र, उ0प्र0